प्रबोध पाठ्यक्रम

PRABODH COURSE

किट : 4 / KIT : 4

पाठ : 33 से 36

LESSON: 33 TO 36

दिसंबर - किट /DECEMBER - KIT

सत्यमेव जयते

पत्राचार पाठ्यक्रम स्कंध (हिंदी)

CORRESPONDENCE COURSE WING (HINDI)

केंद्रीय हिंदी प्रशिक्षण संस्थान

Central Hindi Training Institute

राजभाषा विभाग

Department of Official Language

गृह मंत्रालय

Ministry of Home Affairs

2-ए, पृथ्वीराज रोड, नई दिल्ली-110011

2-A, Prithvi Raj Road, New Delhi-110011

Email-adptracharchti-dol@nic.in

Phone No. 011-23017203

To download this Kit: http://chti.rajbhasha.gov.in/?9600?21

किट - 4

This kit contains four lessons no. 33, 34, 35 and 36. Lesson no 33, 35 & 36 are in dialogue form and lesson no. 34 is a live commentary of a cricket match.

In lesson no. 33 'डिस्पेंसरी में' we are going to learn the use of subject + को structure. e.g. गोपाल को बुखार है। Gopal has fever.

In lesson no. 34, 35, we are going to learn present continuous tense. e.g.

मैं जा रहा हूँ। I am going.
हम जा रहे हैं। We are going.

In lesson no 36, we are going to learn future tense for e.g.

मैं कल मुंबई जाऊँगा। I will go to Bombay Tomorrow.
आप कल मुंबई जाएँगे। You will go to Bombay Tomorrow.

पाठ / LESSON - 33

Lesson No. 33, 'डिस्पेंसरी में' is a conversation between doctor & patient. In this lesson we are going to learn certain sentence structures in which subject is followed by 'को' case-ending. In these structures, the verb agrees with the object in gender & number.

If there is no object in the sentence the verb will be always masculine singular e.g.

Subject + को Construction

शीला को बुखार है।

Cultural Notes:

(i) C.G.H.S. = Central Government Health Scheme/ केंद्रीय सरकार स्वास्थ्य योजना- Under this C.G.H.S., the central govt. employees are given a facility to get treatment from the govt. hospitals. A certain amount of money is deducted per month from the salary of the employee for this facility.

(ii) पर्ची- Prescription Slip- Doctors generally refer a patient to some Govt. hospital in their prescription slip.

Grammatical Notes:

(a) Note the usage of 'से' to denote span of time.

i) इसे कल से बुखार है। — He has fever since yesterday.

ii) मैंने दो दिन से कुछ नहीं खाया। — I have not eaten anything for two days.

(b) Note the usage of 'से' in the sense of 'due to' 'because of' etc.

i) धूप से पत्ते सूख गए हैं। — Leaves have dried due to sun.

ii) वह हैजे से मरा। — He died of Cholera.

iii) लड़का कुत्ते से डरता है। — The boy is afraid of the dog.

c) Subject + को Construction:

Compare the sentences given in the following pairs.

i) गोपाल बीमार है। — Gopal is ill.

गोपाल को खाँसी है। — Gopal has cough.

ii) माँ परेशान है। — Mother is worried

माँ को परेशानी है। — Mother has worry.

d) The pronouns have the following dative forms.

मै will change

मैं + को = मुझे / मुझको — हम + को - हमें / हमको

वह + को = उसको / उसे — वे + को = उनको / उन्हें

तुम + को = तुम्हें / तुमको — आप + को = -आपको

यह + को = इसको / इसे — ये + को = इन्हें / इनको

कौन + को = किन्हें / किसे (Who)

d) Note that बेटा + को = बेटे को बेटा + का = बेटे का

Only आ ending masculine nouns change before का/को not others.

'को' is used for denoting: -

A person who does something involuntarily (such as like, dislike, remember, be injured, be offended, suffer, feel, enjoy, receive, happen to have, to meet, to know, to see, to do something under compulsion, requirement, necessity, obligation etc.

VERBAL AGREEMENT

The verb in these sentence patterns agrees in number and gender with the object which is not followed by a post position case ending (विभक्ति) e.g. रामलाल को खाँसी आती है।

शीला को बुखार आता है।

I. Expressions of Physical experiences:

i)	मेहता को	बुखार है।	
	मेरे भाई को	खाँसी है।	
	मेरी माँ को	तकलीफ है।	
	हमें	आराम है।	
	लडक़ों को	जुकाम है।	
	उनको	दर्द है।	
	उसे	जुकाम है।	
ii)	शीला को	बुखार(m)	आती है।
		खाँसी(f)	आता है।
		चक्कर(m-plu)	आते हैं।
		छींक(f)	
		उल्टी(f)	

iii) क्या आपको प्यास लगती है? Do you feel thirsty?

II. Expression of mental experiences:

सोहन को	गुस्सा (m)	आता है।	Sohan gets angry.
	दया (f)	आती है।	Sohan feels pity.
	हँसी (f)		
	बच्चों पर प्यार (m)		
	रोना (m)		

डिस्पेंसरी में

मैं + को - मुझे दर्द है हमें भूख लगी है

मेहता : नमस्ते, डॉक्टर साहब।

डॉक्टर : आइए कहिए, **आपको क्या तकलीफ**[1] **है?**

मेहता : डॉक्टर साहब, यह मेरा बेटा मोहन है। **इसे कल से बुखार**[2] **है।** इसके **शरीर**[3] में **दर्द**[4] भी है। मुझे बहुत चिंता है।

डॉक्टर : बेटे, जरा मेरे पास आओ। तुम्हें क्या तकलीफ है, बताओ।

मोहन : डॉक्टर साहब, मुझे रात को **खाँसी**[5] आती है। एक **पल**[6] भी **चैन**[7] नहीं आता। खाँसी से **नींद**[8] भी नहीं आती।

(डॉक्टर स्टेथोस्कोप से मोहन की **जाँच**[9] करते हैं।)

डॉक्टर : **तेज़ साँस**[10] लो! अपनी **जीभ**[11] दिखाओ बेटे, शाबाश।

मेहता : डॉक्टर साहब, कोई **परेशानी**[12] की बात तो नहीं?

डॉक्टर : नहीं, **चिंता**[13] की कोई बात नहीं। आपके बेटे का **गला**[14] खराब है। **छाती**[15] में शायद **बलगम**[16] है। एक्सरे कराना ठीक रहेगा।

मेहता : डॉक्टर साहब, एक्सरे कहाँ कराएँ?

डॉक्टर : क्या आपको सी.जी.एच.एस. डिस्पेंसरी की **सुविधा**[17] मिलती है? आपको वहीं जाना चाहिए। मैं **पर्ची**[18] पर लिख देता हूँ?

मेहता : मोहन को खाने में क्या दूँ, डॉक्टर साहब?

डॉक्टर : इसे **फल**[19] और **ताज़ी**[20] **सब्जियाँ**[21] दीजिए।

मोहन : डॉक्टर साहब, मुझे **संतरा**[22] और **सेब**[23] पसंद हैं। खा सकता हूँ?

डॉक्टर : हाँ, खूब फल खाओ।

मेहता : डॉक्टर साहब, **इसे दूध दूँ या कॉफी**[24]?

डॉक्टर : चाय-कॉफी नहीं, **सिर्फ दूध दीजिए**[25]।

मेहता : ठीक है, डॉक्टर साहब और कोई **दवा**[26]?

डॉक्टर : तीन दवाएँ लिख रहा हूँ। **चार-चार घंटे के अंतराल से**[27] ये दवाएँ मोहन को दीजिएगा।

मेहता : धन्यवाद, डॉक्टर साहब, नमस्ते।

डॉक्टर : नमस्ते।

VOCABULARY: शब्दार्थ

1. What is your trouble?
2. He is having fever since yesterday.
3. body
4. pain
5. cough

6. moment
7. relief
8. sleep
9. Examination
10. deep breath
11. tongue
12. worry/difficulty
13. worry
14. throat
15. chest
16. cough
17. facility
18. slip
19. fruit
20. fresh
21. vegetables
22. orange
23. apple
24. shall I give him milk or coffee?
25. give him only milk.
26. medicine
27. after every four hours

विलोम शब्द :

तकलीफ	x आराम		तेज	x	धीरे
पास	x दूर		सरकारी	x	गैर सरकारी
चैन	x बेचैन		ताजी	x	बासी

बोध प्रश्नः-

प्रश्न 1. मोहन को क्या तकलीफ़ है?

प्रश्न 2. डॉक्टर मोहन की जाँच के बाद क्या बताते हैं?

प्रश्न 3. डॉक्टर मोहन को किस डिस्पेंसरी में जाने की सलाह देते हैं?

प्रश्न 4. डॉक्टर साहब मोहन को क्या-क्या खाने-पीने की सलाह देते हैं?

प्रश्न 5. डॉक्टर साहब मोहन को कितनी दवाएँ लिखते हैं?

पाठ / LESSON - 34

Lesson No. 34 'क्रिकेट मैच' is a live commentary of a cricket match between India & England.

In this lesson we are going to learn & practice the present continuous tense. e.g.

1. मैं अभी अखबार पढ़ रहा हूँ।
2. वह इस समय मैच देख रहा है।
3. वे कमेंट्री सुन रहे हैं।

सांस्कृतिक टिप्पणी : (Cultural Note)

आकाशवाणी : This term used for All India Radio.

तिरंगा (Tri-Colour): India's national flag is called Tri colour or 'तिरंगा' as it contains the three colours - saffron, white & green.

Grammatical Notes:

In present continuous tense the action is still going on or the action is in progress. The Progressive aspect (he is going) is expressed with the help of auxiliary 'रहा', 'रहे', 'रही' compounded with the main verb root. e.g.

जा + रहा है = जा रहा है। is going (male)

जा + रही है = जा रही है। is going (female)

पुरुष/ Person	एकवचन /Singular	बहुवचन/ Plural
अन्य	वह जा रहा है। शेखर जा रहा है। राधा जा रही है।	वे जा रहे हैं। राम और श्याम जा रहे हैं। सीता और गीता जा रही हैं। श्री दास (respect) जा रहे हैं। श्रीमती दास (respect) जा रही हैं।

मौखिक अभ्यास-

I. स्थानापत्ति अभ्यास /Substitutional Practice

1. <u>सोहन</u> क्रिकेट खेल रहा है। (मोहन, गोपाल, शुभम, सोमित्र)
2. रोहन <u>शतरंज</u> खेल रहा है। (फुटबाल, हॉकी, क्रिकेट, बैडमिंटन)
3. <u>शीला</u> दूरदर्शन पर फिल्म देख रही है। (राधा, अनुराधा, कोमल, सपना)
4. <u>वे</u> लखनऊ जा रहे हैं। (निदेशक, पिताजी, सोहन जी, सब लोग)
5. मेरे बड़े भाई साहब <u>इलाहाबाद</u> जा रहे हैं। (पटना, लखनऊ, वैशाली, पूना)
6. <u>मेरी माताजी</u> गाड़ी से आ रही हैं। (ममता और शीला, दोनों सहेलियाँ, भाभी जी, बहन जी)

II. रूपांतरण अभ्यास - Transformation Practice

नमूना : वह पत्र टाइप कर रही है।

वे पत्र टाइप कर रही हैं।

1. वह गाड़ी चला रहा है।
2. मेरी बहन गीत गा रही है।
3. लड़की खाना बना रही है।
4. लड़का किताब पढ रहा है।
5. मेरा भाई विदेश जा रहा है।

III. नमूना: तरुण रोज बेडमिंटन खेलता है।

तरुण इस समय बेडमिंटन खेल रहा है।

1. अहमद और नागेश रोज बॉस्केट बॉल खेलते हैं।
2. गीता रोज दूरदर्शन पर फिल्म देखती है।
3. मेरा भाई रोज भजन गाता है
4. वे लोग रोज रेडियो पर समाचार सुनते हैं।
5. सीमा और वीना रोज शास्त्रीय संगीत का अभ्यास करती हैं।

IV. नमूना: मैं टिप्पणी तैयार कर रहा हूँ।

हम टिप्पणी तैयार कर रहे हैं।

1. वह हिंदी पढा रहा है।
2. महिला खाना बना रही है।
3. एक लड़का कंप्यूटर पर काम कर रहा है।
4. लड़की गाना गा रही है।
5. वह बच्चा खेल रहा है।

क्रिकेट मैच
(आँखों देखा हाल)

यह आकाशवाणी है। इस समय आप भारत और इंग्लैंड के बीच खेले जा रहे **चौथे**[1] **एक दिवसीय**[2] क्रिकेट मैचका **आँखों देखा हाल**[3] सुन रहे हैं। भारत इंग्लैंड के **तीन सौ पच्चीस रनों**[4] का **पीछा**[5] कर रहा है। एक-एक रन के **साथ**[6] ही भारत **जीत की तरफ**[7] बढ़ रहा है। **दर्शक**[8] **ढोल-नगाड़े पीट**[9] रहे हैं। कुछ दर्शक तिरंगा लेकर **दौड़**[10] रहे हैं। **आकाश**[11] में तिरंगे **गुब्बारे**[12] भी दिखाई दे रहे हैं। लार्ड्स के **ऐतिहासिक**[13] मैदान में पहली बार इतना **उत्साह**[14] दिखाई दे रहा है। तिरंगे को **लहराता**[15] देखकर इंग्लैंड में **लघु भारत**[16] का **दृश्य**[17] दिखाई दे रहा है।

गेंदबाज हर तरह की गेंद फेंक रहे हैं लेकिन **मध्यक्रम के बल्लेबाज**[18] मोहम्मद कैफ़ आज गेंदबाजों की **गेंदों की धज्जियाँ उड़ा रहे हैं**[19]। हर गेंद को वे ऑफ साइड की तरफ **आसानी से धकेल रहे हैं**[20]। गेंद बल्ले पर लगते ही **तेज़ गति से**[21] भागी जा रही है। दो खिलाड़ी उसे पकड़ने के लिए दौड़ रहे हैं और भारत के **खाते**[22] में दो और रन। अब भारत को जीत के लिए सिर्फ एक रन की जरूरत है और यह रही गेंदबाज़ की अगली गेंद। गेंद बल्ले के **निचले हिस्से**[23] से लगकर ऑफ साइड की तरफ तेज़ी से भाग रही है। क्षेत्ररक्षक गेंद रोकने में **असमर्थ**[24] और यह रहा चौका। इसी के साथ भारत की दो विकटों से ऐतिहासिक **जीत**[25]।

दर्शक **उत्साहित**[26] हैं। भीड़ मैदान की ओर दौड़ रही है। भारतीय टीम के कप्तान सौरभ गांगुली भी खुद को संभाल नहीं पा रहे हैं। वे मैदान की ओर दौड़ रहे हैं। वे अब अपनी कमीज़ उतारकर **हवा में लहरा रहे हैं**[27]। भीड़ तिरंगा लहराते हुए **भारत माता**[28] की **जय**[29] बोल रही है। इंग्लैंड टीम के खिलाड़ी भी खड़े होकर भारतीय टीम का **सम्मान**[30] कर रहे हैं। भारत की इस ऐतिहासिक जीत के साथ ही हम स्टूडियो वापस चलते हैं।

The game of cricket:

There are two teams in a game of cricket. One team <u>bowls</u> (गेंदबाजी करना) and another team bats (बल्लेबाजी करना). The bowler (गेंदबाज) throws the ball, the batsman (बल्लेबाज) hits the balls with his bat (बल्ला). The ball (गेंद) goes towards the boundary. The fielders (क्षेत्ररक्षक) of the bowling team stop the ball. If the ball crosses the boundary the batsman gets four runs (चौका).

VOCABULARY: शब्दार्थ

1. fourth
2. one day
3. live commentary
4. three hundred & twenty-five
5. chasing
6. with
7. marching towards win
8. spectators
9. to beat the drum
10. to run
11. sky
12. balloons
13. historical
14. enthusiasm
15. waving
16. mini India (in England)

17. scene
18. middle order batsman
19. totally smashed their balls
20. easily pushing
21. with great speed
22. account
23. lower end
24. helpless
25. win
26. enthusiastic
27. to wave in wind
28. mother India
29. victory
30. respect

समानार्थक शब्द/Synonyms :

आकाश	=	आसमान	दृश्य	=	नज़ारा
जरूरत	=	आवश्यकता	उत्साह	=	जोश
असमर्थ	=	लाचार	ध्वज	=	झंडा

विलोम शब्द/Antonyms :

समर्थ	x	असमर्थ	आकाश	x	पाताल
आवश्यक	x	अनावश्यक	उत्साहित	x	हतोत्साहित
तेज़	x	मंद	लघु	x	विशाल
ज़रूरी	x	गैरज़रूरी	प्रारंभ	x	अंत

बोध प्रश्न :

प्रश्न 1. आप लोग किस मैच का आँखों देखा हाल सुन रहे हैं?

प्रश्न 2. भारत इंग्लैंड के कितने रनों का पीछा कर रहा है?

प्रश्न 3. लार्ड्स में कैसा दृश्य दिखाई दे रहा है?

प्रश्न 4. बल्लेबाज मोहम्मद कैफ़ किस क्रम में बल्लेबाज़ी कर रहे हैं?

प्रश्न 5. भारतीय टीम के कप्तान गांगुली ने भारत की जीत पर अपनी प्रतिक्रिया कैसे व्यक्त की?

पाठ / LESSON - 35

Lesson No. 35 'फोन पर' is a telephonic conversation between two sisters in present continuous tense. It is based on first person. e.g. मैं जा रहा हूँ। I am going. हम जा रहे हैं। We are going.

Second Person:

तू जा रहा है। You are going.
तुम जा रहे हो। You are going.
तू जा रही है । You are going.
तुम जा रही हो । You are going.
आप जा रहे हैं। You are going.

Cultural Note:

रवीन्द्र संगीत - Musical composition done by Ravindra Nath Tagore.

Grammatical Note:

(a) Tag. Question mark - 'न'

Please note the use of 'न' as a 'tag question' in the following sentences: -

1. तुम तो आजकल चित्रकारी सीख रही हो न?
   You are learning painting these days, isn't it?
2. तुम्हारे संगीत का अभ्यास ठीक चल रहा है न?
   Is your music practice going on well?/Your music practice is going on well, isn't it?
   है/न or हो/न when added at the end of a sentence, functions as a 'tag question.' i.e. for query or for confirmation.

Note: The use of present continuous tense. Present Continuous tense is formed by adding to the verb root- रहा है, रही है, रहे हैं, रहे हो e.g.

जा + रहा है = जा रहा है।
जा + रहे हो = जा रहे हो।
जा + रहे हैं = जा रहे हैं।
जा + रही है = जा रही है।

Present Continuous Tense

(सातत्यबोधक वर्तमानकाल)

पुरुष (Person)	एकवचन (Singular Number)	बहुवचन (Plural Number)
उत्तम First	मैं जा रहा/रही हूँ।	हम जा रहे/रही हैं।
मध्यम Second	तुम जा रहे/रही हो। आप जा रहे/रही हैं?	तुम लोग जा रहे हो। आप लोग जा रहे हैं।

अन्य Third	वह जा रहा/रही है। शेखर जा रहा है। राधा जा रही है।	वे जा रहे/रही हैं। राम और श्याम जा रहे हैं। सीता और गीता जा रही हैं। श्री दास जा रहे हैं। (respect) श्रीमती दास जा रही हैं।(respect)

स्थानापत्ति अभ्यास / substitute exercise

1. मैं अभी एक **किताब** पढ़ रहा/रही हूँ। (उपन्यास/कविता/कहानी)
2. मैं इन दिनों **हिंदी** भाषा सीख रहा/रही हूँ। (बंगला/मराठी/फ्रैंच)
3. तुम रोज शाम को टी.वी. पर **पि ल्म** देख रहे हो/रही हो। (सीरियल/समाचार/कार्टून)
4. आप लोग शाम को **क्रिकेट** खेलते हैं। (टेनिस/फुटबाल/हॉकी)
5. हम अगले साल **लंदन** जा रहे हैं। (न्यूयार्क/पेरिस/रोम)
6. **मेरा भाई** शादी करने जा रहा है। (रमेश/मीरा/दास साहब)

I. रूपांतरण अभ्यास / Transformation Exercise

1. **नमूना:** मैं <u>रोज</u> टी.वी. पर समाचार <u>देखता हूँ।</u>

   मैं <u>इस समय</u> पर टी.वी. पर समाचार <u>देख रहा हूँ।</u>

1. हम <u>हमेशा</u> हिंदी फिल्म <u>देखते हैं।</u>
2. तुम <u>शाम को</u> क्या <u>करते हो?</u>
3. मैं <u>सवेरे</u> लस्सी <u>पीता हूँ।</u>
4. हम <u>रात को</u> ब्रश करते <u>हैं।</u>
5. आप <u>इन दिनों</u> देर से क्यों <u>आते हैं?</u>

फोन पर

पात्र : मोहन (भाई)
रेणु (बहन)
मीरा (बड़ी बहन)
नरेश (नौकर)

(Present continuous)
सातत्यबोधक वर्तमान
मैं जा रहा/रही हूँ।
हम जा रहे /रही हैं।
तुम जा रहे/रही हो।
आप जा रहे/रही हैं।

('ट्रिन-ट्रिन' घंटी बजती है)

नौकर: (फ़ोन उठाकर) हैलो। **कौन बोल रहे हैं**[1]?

मीरा : **मैं मीरा बोल रही हूँ**[2]**।** नरेश बोल रहे हो?

नरेश : हाँ, दीदी जी नमस्ते। मैं नरेश बोल रहा हूँ। **आप लोग कैसे हैं**[3]?

मीरा : **नरेश तुम कैसे हो**[4]? ..... हाँ, **हम सब ठीक हैं**[5]। अच्छा, **जरा रेणु को बुलाओ**[6]।

नरेश : बहन जी, **आपकी जीजी फ़ोन पर हैं**[7]।

रेणु : अभी आ रही हूँ। (आकर फ़ोन उठाती है) हैलो दीदी, नमस्ते। **क्या हाल है**[8]? **सब ठीक है**[9]?

मीरा : **सब मज़े में हैं**10। **तुम लोग क्या कर रहे हो**[11]?

रेणु : **आज छुट्टी है न**[12]। घर पर ही हैं। **अभी तो कुछ कर नहीं रही हूँ**[13]। **नाश्ता**[14] कर रही हूँ और रेडियो पर गाने सुन रही हूँ। हाँ, **आजकल**[15] एक **चित्र**[16] बना रही हूँ। कैनवस पर **तैल चित्र**[17] है। **समुद्र तट**[18] का **दृश्य**[19] बना रही हूँ।

मीरा : बहुत अच्छा। तुम तो आजकल **चित्रकारी**[20] सीख रही हो न?

रेणु : हाँ, **तीन-चार महीने से सीख रही हूँ**[21]। हमारे घर के पास **कला महाविद्यालय**[22] है, **वहीं सीख रही हूँ**[23]**।**

मीरा : **रोज़ चित्र बनाने का अभ्यास करती हो न**[24]।

रेणु : हाँ दीदी। रोज़ थोड़ी देर अभ्यास करती हूँ। फिर **गुरु जी**[25] को दिखाती हूँ। वे मुझे **सुझाव**[26] देते हैं। दीदी, **मुझे लगता है कि मैं तेजी से सीख रही हूँ**[27]**।**

मीरा: बहुत अच्छा। **और तुम्हारी पढ़ाई**28?

रेणु : **ठीक चल रही है**[29] दीदी। आप क्या कर रही हैं?

मीरा: मैं एक **उपन्यास**[30] पढ़ रही हूँ। **भीष्म साहनी**[31] का उपन्यास है 'तमस'। बहुत अच्छा है। दो-तीन दिन से पढ़ रही हूँ। इस पर फिल्म भी बनी है। आज **शाम**[32] को देखने जा रही हूँ। अच्छा, मोहन कहाँ है?

रेणु: अभी बुलाती हूँ। भैया, जल्दी आओ। दीदी बात करना चाहती हैं।

मोहन: (फ़ोन उठाकर) हैलो दीदी। कैसे हैं आप सब? **क्या चल रहा है**[33]?

मीरा: सब **बढ़िया**[34] है। तुम बताओ, अभी क्या कर रहे हो?

मोहन: **खास कुछ नहीं**[35], अख़बार देख रहा हूँ।

मीरा: तुम्हारे **संगीत**[36] का अभ्यास ठीक चल रहा है न?

मोहन : हाँ, दीदी। अगले महीने कॉलेज में संगीत की **प्रतियोगिता**[37] है। उसी की **तैयारी**[38] कर रहा हूँ।

मीरा: **क्या "आइटम" पेश कर रहे हो**[39]? **भजन**[40]?

मोहन : नहीं दीदी। इस बार रवींद्र संगीत की प्रतियोगिता है। हमारी टीम एक **गीत**[41] गा रही है।

मीरा : बहुत अच्छा। तुम रवींद्र संगीत कब से **सीख रहे**[42] हो?

मोहन : **करीब चार महीने से**[43]। इसके लिए मैं बंगला भाषा भी सीख रहा हूँ।
मीरा : बढ़िया। तुम्हें अभी से **हार्दिक बधाई**[44]। अच्छा, फ़ोन रखती हूँ।
मोहन : अच्छा दीदी।

VOCABULARY: शब्दार्थ

1. who is speaking?
2. I am Meera speaking.
3. how are you?
4. Amarnath, How are you?
5. all of us are fine.
6. please call Renu
7. your sister is on phone.
8. how are you?
9. is everybody all right?
10. everybody is fine.
11. what are you doing?
12. today is holiday, is not it?
13. just now. I am doing nothing.
14. breakfast
15. now a-days
16. painting
17. oil Painting
18. sea Coast/Shore
19. scene
20. painting
21. I am learning since three-four months.
22. art college
23. I am learning there only.
24. everyday do you practice how to draw?
25. teacher
26. suggestion
27. I feel that I am learning fast.
28. and what about your studies?
29. It is going on well.
30. novel
31. renowned writer of Hindi literature
32. evening
33. what is going on?
34. wonderful
35. there is nothing special.
36. music
37. competition
38. preparation
39. What item are you going to present?
40. devotional song/bhajan
41. song
42. to learn
43. since about four months
44. hearty congratulations

बोध प्रश्न

1. नरेश कौन है?
2. मीरा रेणु और मोहन की क्या लगती है?
3. रेणु आजकल क्या सीख रही है?
4. मीरा आजकल क्या पढ़ रही है?
5. मोहन आजकल क्या सीख रहा है?
6. मोहन कौन-सी भाषा सीख रहा है?
7. मोहन किसकी तैयारी कर रहा है?

पाठ /LESSON- 36

Lesson No. 36 'पिकनिक' is a conversation between teacher & his students. All of them are arranging a picnic and are discussing what they are going to do in the picnic & deciding what dish each one of them will bring. In this lesson we are going to learn future tense. e.g.

1. मैं पिकनिक पर जाऊँगा। I will go for a picnic.
2. आप क्या क्या खाएँगे? What would you like to have?
3. तुम दौरे पर जाओगे? Would you go on tour?

Cultural Note: सूरजकुंड - It is a man-made pond situated in Faridabad near Delhi. It is surrounded by hills. Every year a fair is held at this place & the weavers and craftsmen from all the states of India bring their textiles & handicraft items for sale.

Grammatical Note & Practice

I. Subject + को CONSTRUCTION

Expression denoting compulsion, necessity & also to know something.

1. मुझे काम है। I have work.
2. मुझे जल्दी है। I am in hurry.
3. मुझे मालूम है। I know.

FUTURE TENSE

The future tense verb is formed by adding ऊँगा, ऊँगी, एगा, एगी, एंगे, एँगी, ओगे एवं ओगी to the verb root. for e.g.

जा	+	ऊँगा	=	जाऊँगा
जा	+	एगा	=	जाएगा
जा	+	एँगे	=	जाएँगे
Verb root	+	suffix	=	(future tense form)
आ	+	एगा	=	आएगा
जा	+	एगा	=	जाएगा
खा	+	एगा	=	खाएगा
सो	+	एँगे	=	सोएँगे

Note: When the verb root ends in a consonant the addition of 'ऊँगा', 'एगा' etc. should be in the following manner in writing:

बैठ	+	ऊँगा	=	बैठूँगा
बैठ	+	ओगे	=	बैठोगे
बैठ	+	एगा	=	बैठेगा
बैठ	+	एँगे	=	बैठेंगे

(iii) **FUTURE TENSE**

पुरुष	एकवचन	बहुवचन
प्रथम	मैं जाऊँगा/जाऊँगी।	हम जाएँगे/जाएँगी।
मध्यम	तू जाएगा/जाएगी।	आप जाएँगे/जाएँगी।
	तुम जाओगे/जाओगी।	वे जाएँगे/जाएगी।
	वह जाएगा।	राम और श्याम जाएँगे।
अन्य	राम जाएगा।	सीता और गीता जाएँगी।
	राधा जाएगी।	श्री दास जाएँगे। (respect)
		श्रीमती दास जाएँगी।(respect)

II **<u>EXCEPTIONS</u>**

(i) The verb लेना, देना & होना however behave differently as shown under:

लेना (to take) - लेगा, लूँगा, लेंगे, लोगे

देना (to give) - देगा, दूँगा, देंगे, दोगे

होना (to be) - होगा, हूँगा, होगे, होंगे

(ii) Verbs roots ending in ई or ऊ become short vowels before adding ऊँगा, एगा, एँगे etc.

पी (drink) - पिएगा, पिऊँगा, पिएँगे, पिओगे

जी (live) - जिएगा, जिऊँगा, जिएँगे, जिओगे

छू (touch) - छुऊँगा, छुएगा, छुएँगे, छुओगे

III **PATTERNS & USAGE**

(i) The verb 'चलना' is used in the sense of `accompany'. Please read the following sentences.

(1) हम लोग आगरा जा रहे हैं, तुम भी चलोगे? We are going to Agra. Would you also accompany us?

(2) आप मेरे साथ चलिए। Please come with me or Please accompany me.

(ii) The verb 'चलना' is also used in the sense of `go'. It is only used with the first & second person but not with the third person.

(1) हम पिकनिक पर चलेंगे। We will go for picnic.

(2) तुम मेरे साथ चलोगे? Will you accompany me?

(3) वह तुम्हारे साथ जाएगा। He will go with you.

मौखिक अभ्यास :

I. स्थानापत्ति अभ्यास /Substitution Practice

1. **मोहन** शाम को मंदिर जाएगा। (राकेश, दिलीप, राजीव, गोपाल)

2. राकेश सुबह सात बजे **स्कूल** जाएगा। (मंदिर, घर, दुकान, बाज़ार)

3. **सीता** सवेरे सैर करेगी। (मोहिनी, रीता, दीपा, शुभी)

4. कल यहाँ बहुत **गर्मी** पड़ेगी। (बर्फ पड़ना, बारिश होना, सर्दी होना, ओले पड़ना)

5. क्या **आज** बारिश होगी? (परसों, कल, सुबह, शाम को)

II. रूपांतरण अभ्यास/Transformation Practice

नमूना : तुम रोज़ टी.वी. देखते हो।

तुम आज टी.वी. नहीं देखोगे।

1. वे रोज़ होटल में खाते हैं।

2. अनुराधा रोज़ रात में देर तक पढ़ती है।

3. डॉक्टर रोज़ मरीज देखते हैं।

4. वह रोज़ क्लब में जाता है।

5. लडक़ियाँ रोज़ बाज़ार जाती हैं।

पाठ/Lesson - 36

पिकनिक

भविष्यत काल
मैं ...ऊँगा/ऊँगी
हम एँगे/एँगी
तुम ओगे/ओगी
आप एँगे/ऐंगी
वह एगा/एगी
वे एँगे/एँगी

अध्यापक: अगले **रविवार**[1] को हम लोग कहीं पिकनिक के लिए चलें।

सुभाष : तब तो **मज़ा**[2] आएगा सर, कहाँ चलेंगे?

अध्यापक: कहाँ चलेंगे, यह तो **आप लोग ही तय करेंगे**[3]।

जावेद : सर, सूरजकुंड ठीक रहेगा।

गीता : नहीं सर, आगरा अच्छा रहेगा।

अध्यापक: नहीं गीता, हम इतनी **दूर**[4] नहीं जाएँगे। सूरजकुंड चलेंगे।

गीता : कब चलेंगे।

अध्यापक: हम सुबह **नाश्ता**[5] करके नौ बजे **निकलेंगे**[6] और दस बजे वहाँ **पहुँचेंगे**[7], वहाँ **घूमेंगे**[8], **खेलेंगे**[9] और **गाना गाएँगे**[10]। बड़ा ही सुन्दर **पहाड़ी क्षेत्र**[11] है। बीच में कुंड बना है।

जावेद : अच्छा, खाने का क्या **प्रबंध**[12] होगा?

सुभाष : दो **विद्यार्थी**[13] **मिठाई**[14] लाएँगे। दो विद्यार्थी **नमकीन**[15] और दो विद्यार्थी **फल**[16] लाएँगे।

अध्यापक: गीता और शीला **पुड़ियाँ**[17] लाएँगी और सुरेन्द्र **छोले**[18] लाएगा। रीटा केक लाएगी। जावेद और सुरैया: हम **खीर**[19] लाएँगे।

अध्यापक: रविवार को बस साढ़े आठ बजे आ रही है। **आप सब आठ बजे यहाँ पहुँचिए**[20]।

सुभाष : क्या सुषमा मैडम भी **चलेंगी**[21]?

अध्यापक: नहीं, वे नहीं आएँगी। उनको कुछ काम है। क्या मीरा जी आएँगी?

सुभाष : **मुझे मालूम नहीं**[22]। **शायद नहीं आएँगी**[23]।

जावेद : सर, **वहाँ मौसम कैसा रहेगा**[24]?

अध्यापक: **आजकल, बारिश हो रही है**[25], इसलिए **वहाँ मौसम सुहावना होगा**[26]।

VOCABULARY: शब्दार्थ

1. Sunday
2. enjoyment
3. only you people will decide
4. far/distant
5. breakfast
6. start
7. will reach
8. to go around
9. will play
10. will sing song
11. hilly area
12. arrangement
13. student
14. sweets
15. savory snack foods
16. fruits
17. round flat bread fried in oil
18. chick peas/gram
19. preparation of milk and rice
20. all of you please reach here by 8 A.M.
21. accompany
22. I don't know.
23. perhaps she will not come.
24. How will be the weather of that place?
25. Now-a-days it is raining
26. There the weather will be pleasant.

पर्यायवाची शब्द : (Synonyms)

प्रबंध	=	इंतजाम
तय करना	=	निश्चित करना
रविवार	=	इतवार
सुबह	=	सवेरे
विद्यार्थी	=	छात्र

विलोम शब्द : (Antonyms)

दूर	X	पास/नजदीक
अच्छा	X	बुरा
ठीक	X	गलत
सुबह	X	शाम

दिनों के नाम : (Name of the days)

रविवार, सोमवार, मंगलवार, बुधवार, बृहस्पतिवार, शुक्रवार, शनिवार।

महीनों के नाम : (Name of the months)

जनवरी, फरवरी, मार्च, अप्रैल, मई, जून, जुलाई, अगस्त, सितंबर, अक्टूबर, नवंबर, दिसंबर।

बोध प्रश्न :

प्रश्न 1. सब लोग पिकनिक पर कहाँ जाएँगे?

प्रश्न 2. सब लोग पिकनिक पर कैसे जाएँगे?

प्रश्न 3. क्या सब लोग खाना बाहर खाएँगे?

प्रश्न 4. गीता और शीला क्या-क्या बनाकर लाएँगी?

प्रश्न 5. सूरजकुंड में कैसा मौसम होगा?

लिखित अभ्यास (Written Exercise)

Exercise: 1

Fill in the blanks with the help of the words given below:

(क) चिंता, बीमारी, खाँसी, बुखार, चक्कर

1. मोहन को दो दिन से ..... है।
2. पिताजी को बच्चों की पढ़ाई की ..... है।
3. कमला को ब्लड प्रेशर है, उसे ..... आते हैं।
4. जुकाम में लोगों को ..... आती है।
5. तुम्हें नींद न आने की ..... है।

(ख) चित्रकारी, जर्मन भाषा, खाना बनाना, शोभना को, सितार बजाना)

1. सुधा को ..... आता है।
2. उसे ..... आती है।

3. ..... मेरा पता मालूम है।

4. भास्कर को ..... आती है।

5. वे ..... जानते हैं।

Exercise: 2

Fill in the blanks using the words given

(क) (डॉ. रत्ना, वे, नेहा, गणेश)

1. ..... क्रिकेट मैच देख रहा है।
2. ..... कार चलाना सीख रही है।
3. ..... उपन्यास पढ़ रहे हैं।
4. ..... ऑपरेशन कर रही हैं।

(ख) Fill in the blanks with the help of correct forms of verbs given below:

1. तुम आजकल कहाँ .....? (रह)
2. क्या आप कल दौरे पर .....? (जा)
3. हम लोग इस समय नया पाठ्यक्रम .....। (बना)
4. श्रीमती आशापूर्णा देवी नया उपन्यास .....। (लिख)

Exercise: 3

Complete the sentences with the help of the verb given in brackets using रहा/रही/रहे।

उदाहरण : मैं किताब .....। (पढ़ना)

मैं किताब पढ़ रहा हूँ।

1. जॉन इन दिनों हिंदी भाषा ..... । (सीखना)
2. मैं इस समय टी.वी. पर सीरियल ..... । (देखना)
3. हम ओडियन में फिल्म देखने ..... । (जाना)
4. आप इस समय क्रिकेट ..... । (खेलना)
5. पद्मा इन दिनों चित्रकारी .....। (करना)
6. दीपक इस समय संगीत .....। (सुनना)
7. हम लोग आजकल विदेशियों को हिंदी .....। (पढ़ाना)
8. तुम इस समय कहाँ .....? (जाना)

Exercise: 4

Fill in the blanks with the help of correct form of the verbs given.

उदाहरण : शीला सबके लिए चाय ..... । (बनाना)

शीला सबके लिए चाय बनाएगी।

1. आज हम लोग जल्दी खाना ..... । (खाना)
2. वहाँ शादी का प्रबंध अच्छा ..... । (होना)
3. पिकनिक पर सब लोग गाना ..... । (गाना)

4. आज मैं घर पर देर से ..... । (पहुँचना)

5. नेहा और शुभा मेले में खूब ..... । (घूमना)

6. वह बच्चों को कहानी ..... । (सुनाना)

7. तुम मद्रास से क्या-क्या .....? (लाना)

8. बच्चे छुट्टियों मे खूब ....? (खेलना)

9. आप मेरे साथ घूमने .....? (चलना)

RECAPUTULATION

This is the fourth kit of your course.

1. In this kit we have introduced two verb patterns-

I) Present progressive- रहा

   i) मैं जा रहा/रही हूँ। I am going.

   ii) आप क्या कर रहे/रही हैं? What are you doing?

2. FUTURE TENSE: -

   i) मैं जाऊँगा/जाऊँगी। I will go.

   ii) तुम मेरे साथ चलोगे/चलोगी? Will you come with me?

3. We have also introduced the major sentence patterns of Hindi language, where the subject comes in the dative case.

उदाहरण: मुझे बुखार है। I have fever.
मुझे हिंदी आती है। I know Hindi.

4. We also studied that some nouns and pronouns change before postpositions like का, को, पर, से etc. मेरा बेटा + को = मेरे बेटे को or उसे।

5. You also learnt that as in Hindi you can use "रहा है" to convey the sense of immediate future.

   1. मैं अगले हफ्ते आगरा जा रहा हूँ।
   2. मैं अगले साल विदेश जा रहा हूँ ।
   3. तुम अगले सप्ताह दिल्ली जा रहे/ रही हो ।

After studying the grammatical patterns, you might have practiced the sentences orally before reading the text. The oral practice helps you in reading the text in a natural way. After doing the lessons you have done the exercises as a re - enforcement. Now you can see the answers to the comprehension questions & exercises and assess your progress yourself.

बोध प्रश्नों के उत्तर

पाठ - 33

Answers to the Comprehension Questions-

उत्तर 1. मोहन को बुखार तथा शरीर में दर्द है।

उत्तर 2. डॉक्टर मोहन की जांच के बाद बताते हैं कि उसका गला खराब है, छाती में बलगम है। एक्सरे कराना ठीक रहेगा।

उत्तर 3. डॉक्टर मोहन को सी.जी.एच.एस. डिस्पेंसरी में ले जाने की सलाह देते हैं।

उत्तर 4. डॉक्टर साहब मोहन को फल और ताज़ी सब्जियाँ खाने और दूध पीने की सलाह देते हैं।

उत्तर 5. डॉक्टर साहब मोहन को तीन दवाएँ लिखते हैं।

पाठ - 34

उत्तर 1. हम भारत और इंग्लैंड के बीच खेले जा रहे चौथे एक दिवसीय क्रिकेट मैच का आँखों देखा हाल सुन रहे हैं।

उत्तर 2. भारत इंग्लैंड के तीन सौ पच्चीस रनों का पीछा कर रहा है।

उत्तर 3. लार्डस में लघु भारत का दृश्य दिखाई दे रहा है।

उत्तर 4. बल्लेबाज मोहम्मद कैफ मध्यमक्रम में बल्लेबाज़ी कर रहे हैं।

उत्तर 5. भारतीय टीम के कप्तान गांगुली ने अपनी कमीज़ उतारकर हवा में लहराते हुए अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त की।

पाठ - 35

उत्तर 1. नरेश घर का नौकर है।

उत्तर 2. मीरा, रेणु और मोहन की बड़ी बहन है।

उत्तर 3. रेणु आजकल चित्रकारी सीख रही है।

उत्तर 4. मीरा आजकल भीष्म साहनी का उपन्यास 'तमस' पढ़ रही है।

उत्तर 5. मोहन आजकल रवींद्र संगीत सीख रहा है।

उत्तर 6. मोहन बंगला भाषा सीख रहा है।

उत्तर 7. मोहन रवींद्र संगीत प्रतियोगिता की तैयारी कर रहा है।

पाठ - 36

उत्तर 1. सब लोग पिकनिक पर सूरजकुंड जाएँगे।

उत्तर 2. सब लोग पिकनिक पर बस से जाएँगे।

उत्तर 3. नहीं, सब लोग अपने घर से अलग-अलग व्यंजन बनाकर लाएँगे।

उत्तर 4. गीता और शीला पूड़ियाँ बनाकर लाएँगी।

उत्तर 5. सूरजकुंड में मौसम सुहावना होगा।

Answers to the Exercises

Exercise -1

क) रिक्त स्थान

1. खाँसी/बुखार 3. चक्कर 4. खाँसी
2. चिंता 5. बीमारी

ख) 1. खाना बनाना/सितार बजाना
2. चित्रकारी/जर्मन भाषा
3. शोभना को
4. जर्मन भाषा/चित्रकारी
5. जर्मन भाषा/चित्रकारी

Exercise - 2

क) 1. गणेश
2. नेहा
3. वे
4. डॉ. रत्ना

ख) 1. रह रहे हो।
2. जा रहे हैं।
3. बना रहे हैं।
4. लिख रही हैं।

Exercise - 3

1. सीख रहा है।
2. देख रहा/रही हूँ।
3. जा रहे हैं।
4. खेल रहे हैं/खेल रही हैं।
5. कर रही है।
6. सुन रहा है।
7. पढ़ा रहे हैं।
8. जा रहे/रही हो।

Exercise- 4

II 1. खाएँगे।
2. होगा।
3. गाएँगे।
4. पहुँचूँगा/पहुँचूँगी।
5. घूमेंगी।
6. सुनाएगा/सुनाएगी।
7. लाओगे/लाओगी।
8. खेलेंगे।
9. चलेंगे/चलेंगी।